


अहंकार पर काबू पाना पड़ता है

विराट ने कहा कि जब चीजें मुश्किल होती हैं तो आपको अपने अहंकार पर काबू पाना पड़ता है और विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य रखना पड़ता है। अपने तरीके से लड़ते रहें और आखिरकार आपको एक रास्ता मिल ही जाएगा। इसलिए कि मैंने अनुष्का को देखा है और मैंने उनसे सीखा है।

## विराट कोहली ने बताया, अनुष्का से सीखा जीवन में धैर्य रखना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली ने कहा कि बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा से मिलने के बाद उन्होंने जिंदगी के बारे में एक बेहतरीन सबक सीखा। विराट और उनकी पत्नी अनुष्का ने अपनी शादी के बारे में भी बात की। दोनों एक ऑनलाइन सेशन में छात्रों के साथ अपने जीवन और करियर के बारे में बातचीत कर रहे थे। इस दौरान विराट ने बताया कि अनुष्का से मिलने के बाद ही उनके स्वभाव में काफी अंतर आया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने धैर्य रखना जो सीखा, वह अनुष्का से मुलाकात के बाद ही आया। मैं पहले बहुत ही अधीर था, जल्दी गुस्सा हो जाता था। विराट और अनुष्का साल 2013 में पहली बार मिले थे, जब वे एक शैम्पू ऐड के लिए शूटिंग कर रहे थे। कोहली ने कहा, हमने एक दूसरे से काफी चीजें सीखी हैं। मैंने उनके व्यक्तित्व को देखते हुए, स्थितियों के लिए खुद को तैयार करने और संभलना, मुझे वास्तव में काफी प्रेरणा मिली।

# भारतीय खेलों के लिए बेहतर हो सकती है कोविड–19 के बाद की स्थिति: बिंद्रा

**मौका**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ओलिंपिक चैंपियन अभिनव बिंद्रा का मानना है कि कोविड–19 के बाद की दुनिया भारतीय खेलों के लिए फायदेमंद हो सकती है क्योंकि विदेश दौरों की संभावित गैरमौजूदगी में स्थानीय बुनियादी ढांचे और कोच तथा सहयोगी स्टाफ जैसे मानव संसाधन पर निवेश का मौका होगा।

दिग्गज निशानेबाज बिंद्रा विशेष आनलाइन सत्र के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के नवनियुक्त सहायक निदेशकों और अन्य सीनियर अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। महामारी का प्रकोप कम होने की स्थिति में वह भारतीय खेलों को कैसे देखते हैं इस बारे में पूछे जाने पर बिंद्रा ने कहा, 'कोविड–19 के बाद की स्थिति भारत के लिए फायदेमंद हो सकती है। शायद काफी विदेशी टूर्नामेंट और शिविर नहीं होंगे और ऐसे में भारत को उपयुक्त खेल बुनियादी ढांचा तैयार करने का मौका मिल सकता है।'

## 'हमें खिलाड़ियों की देखभाल करने की जरूरत'



उन्होंने कहा, 'हमें अपने स्वयं के कोच और सहयोगी स्टाफ तैयार करने की जरूरत है।' बिंद्रा ने कहा कि खेल प्रशासकों को वैकल्पिक कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करने की दिशा में काम करने की जरूरत है जिससे कि दीर्घकाल में खिलाड़ियों की बेहतर स्थिति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा, 'हमें खिलाड़ियों की देखभाल करने की जरूरत है क्योंकि खेल की प्रकृति है कि सफल से अधिक खिलाड़ी विफल होंगे। यह महत्वपूर्ण है कि खेल करियर नहीं बन पाने की स्थिति में खिलाड़ियों के पास वैकल्पिक योजना हो।'

बिंद्रा ने खिलाड़ी के रूप में अपने अनुभव पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, 'खेल में एक प्रतिशत खिलाड़ी सारा अंतर पैदा करते हैं और हमारे लिए इन सभी एक प्रतिशत खिलाड़ियों पर ध्यान देना शुरू करने की जरूरत है।'

मजबूत प्रतिभा पहचान और विकास कार्यक्रम तैयार करने की जरूरत पर जोर देते हुए बिंद्रा ने कहा, 'सही आधार तैयार करना महत्वपूर्ण है, खेलो इंडिया कार्यक्रम के साथ इस पर पहले ही काफी काम शुरू हो गया है।'

### ऑनलाइन नेशन्स कप में भारत की अगुआई करेंगे आनंद

चेन्नै। दिग्गज शतरंज खिलाड़ी और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद पांच से दस मई के बीच होने वाली टीम प्रतियोगिता ऑनलाइन नेशन्स कप में भारत की अगुआई करेंगे। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और चेस.कॉम ने घोषणा की कि ऑनलाइन नेशन्स कप में छह टीमें भाग लेंगी। फिडे ने अपनी वेबसाइट से कहा कि इस टूर्नामेंट में रूस, अमेरिका, यूरोप, चीन और भारत के अलावा शेष विश्व की टीम भी भाग लेंगी। इसकी इनामी राशि 180,000 डॉलर है।

## लॉकडाउन में बीवी का बर्थडे, मजाक में बोले कैफ- डिनर के लिए कहां ले चलूं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस के कारण देशभर में 3 मई तक लॉकडाउन घोषित है और ऐसे में क्रिकेट जगत की दिग्गज हस्तियां अपने–अपने घर पर समय बिता रही हैं। लॉकडाउन में किसी का बर्थडे हो तो भी लोग घर पर मना रहे हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ अपनी पत्नी के बर्थडे पर उनसे मजाक करने में पीछे नहीं रहे।

लॉकडाउन के कारण लोगों के पास जन्मदिन या मैरिज एनिवर्सरी जैसे खास दिन घर पर मनाने के लिए कोई विकल्प नहीं है। इसके बावजूद इन खास मौकों को और भी यादगार बनाने के लिए लोग अलग–अलग तरीके खोज रहे हैं।



टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने अपनी पत्नी पूजा को ट्विटर पर एक मजाकिया मैसेज लिखकर बर्थडे की बधाई दी। उन्होंने लिखा, श्हैपी बर्थडे, पार्टनर! बताएं कि आज डिनर के लिए कहां ले जाऊं?श उन्होंने साथ ही हंसने वाली इमोजी भी शेयर की। कैफ की पत्नी का रिप्लाई तो इस पोस्ट में कहीं नजर नहीं आया लेकिन उनके फैंस ने काफी विकल्प रख दिए। एक यूजर ने लिखा कि डाइनिंग टेबल तक तो वहीं संदीप नाम के एक यूजर ने लिखा कि पुलिस खड़ी है बाहर, कहीं मत जाइएगा।

पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी कैफ की पत्नी को विश किया। उन्होंने लिखा, जन्मदिन की शुभकामनाएं भाभी जी।

## लॉकडाउन में दिल्ली में फंसे सचिन के सबसे बड़े फैन सुधीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अगर देश और दुनिया में हालात सामान्य होते तो क्रिकेट स्टेडियम्स की गैलरीज में दिखने वाले मशहूर चेहरों में से एक सुधीर गौतम मुंबई से चेन्नै के सफर में होते। वहां वह 24 अप्रैल को आईपीएल की अपनी फेवरिट टीम मुंबई इंडियंस के मेजबान चौन्नै सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच देखते और फिर देर रात अपने भगवान सचिन तेंडुलकर का 47वां जन्मदिन मनाने की तैयारी कर रहे होते। मगर, अफसोस यह सब अब सपना सरीखा हो गया है। कोरोना के कहर की वजह से सुधीर इन दिनों दिल्ली में एक दोस्त के साथ एक फ्लैट में कैद हैं और उनका क्रिकेट कारवां थम गया है। पिछले 19 साल से क्रिकेट मैदानों पर खास अंदाज में तिरंगा लहराते, शंख बजाते टीम इंडिया को चियर करते फैन नंबर–1 सुधीर बताते हैं, 2001 से मेरी क्रिकेट यात्रा चल रही है। ऐसा कभी नहीं हुआ कि मैं किसी एक जगह एक महीने तक रहा हूं। मगर वक्त की मांग यही है कि घर में रहा जाए। क्या सुधीर मैदान के ऐक्शन को मिस नहीं करते? बिल्कुल करता हूं और कभी–कभी बहुत बेचैनी होती है, सुधीर बताते हैं। ऐसे में वह शंख बजाकर अपना शौक पूरा कर लेते हैं।

## न्यूज डायरी



### कोरोना का साया– सचिन तेंडुलकर नहीं मनाएंगे जन्मदिन!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मास्टर बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर ने इस साल अपना जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला लिया है। सचिन 24 अप्रैल,बुधवार को 47 साल के हो जाएंगे। सचिन के करीबी सूत्रों ने बताया कि दुनिया भर में फैले कोविड19 और देश में चल रहे लॉकडाउन के मद्देनजर सचिन ने ऐसा निर्णय लिया है। सचिन का जन्मदिन आमतौर पर काफी ग्रैंड तरीके से मनाया जाता है। इसमें कई नामी गिरामी हस्तियां शामिल होती हैं। लेकिन इस बार हालात अलग हैं और इसी वजह से सचिन ने सेलिब्रेट नहीं करने का फैसला किया है। खेल से रिटायरमेंट के पहले भी वह जहां भी होते थे उनका जन्मदिन काफी भव्य अंदाज में मनता था। इस बार लॉकडाउन के चलते सचिन इंडोर हैं लेकिन उन्होंने घर में भी जन्मदिन नहीं मनाने का फैसला लिया है।

### लॉकडाउन में वॉल क्रिकेट खेल रहे हैं स्टीव स्मिथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर आइसोलेशन बैटिंग का अपना वीडियो साझा किया। कोरोनावायरस के कारण पूरी दुनिया में खेल गतिविधियां रुक गई हैं लेकिन स्मिथ इस दौरान भी प्रैक्टिस करने का मौका नहीं छोड़ना चाहते। स्मिथ इस एक्सरसाइज के जरिए हैंड–आई कॉर्डिनेशन सुधारने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार स्मिथ खाली समय में भी अपने हुनर को तराशने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि स्मिथ टेनिस बॉल को बल्ले से लगातार दीवार पर मार रहे हैं। स्मिथ ने इसके साथ कैप्शन दिया है–श्थोड़ी बहुत #isobatting ताकि आंखों और हाथों का तालमेल बना रहे, स्मिथ ने लोगों से घरों पर रहने की अपील भी की। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के दौरान स्टीव स्मिथ भी बाकी क्रिकेटरों की ही तरह घर पर ही वक्त बिता रहे हैं।

### भारत–ऑस्ट्रेलिया सीरीज के सारे मैच एडिलेड ओवल में कराए जाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आयोजन के तमाम विकल्पों पर विचार कर रहा है। ऐसे में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सुझाव दिया है कि बॉर्डर–गावसकर ट्रॉफी के सारे मैच एक ही मैदान एडिलेड ओवल पर करा लिए जाएं। कोरोना वायरस महामारी के कारण कई देशों में लॉकडाउन जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर पड़ा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया नुकसान की भरपाई के लिए हर हालत में भारत के खिलाफ सीरीज कराना चाहता है। हेजलवुड ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से कहा, 'गेंदबाज और बल्लेबाज इससे खुश होंगे। यह पिछले चार या पांच साल में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट मैदान है। इससे गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को मदद मिलती है।' भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चार टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। टी20 सीरीज अक्टूबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले खेली जाएगी। लॉकडाउन के दौरान हेजलवुड गोल्फ, गेमिंग और बागवानी में व्यस्त हैं।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की कोशिश, हटाए गए स्टाफ को सुपरमार्केट में मिले नौकरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। कोरोना वायरस महामारी के कारण आर्थिक दिक्कतों के चलते जून अंत तक नौकरी से हटाए गए अपने स्टाफ के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया मशहूर सुपरमार्केट और अपने प्रायोजकों में से एक वूलवर्थ्स में नौकरी तलाश रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस समय संघीय सरकार की जॉबकीपर सपोर्ट योजना की पात्रता के मानदंडों पर खरा नहीं उतरता। इसके मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, श्मैंने वूलवर्थ्स के सीईओ ब्रॉड बेंदुची को लिखा है। उन्हें इस समय स्टाफ की जरूरत भी है। हमारी टीम दूसरे संगठनों से भी बात कर रही है जिन्हें स्टाफ की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि दर्शकों के बिना घरेलू अंतरराष्ट्रीय स्तर से उनके राजस्व को नुकसान पहुंचेगा और यही वजह है कि उन्हें यह फैसला लेना पड़ा। रॉबर्ट्स ने कहा, 'हमें 4–5 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का नुकसान होगा जो टिकटों की बिक्री से कमाए जाते।